
# शेयर बाजार की नजर आरबीआई बैठक पर

## सप्ताह में सेंसेक्स-निफ्टी में मजबूती, मौद्रिक नीति पर रहेगा फोकस

**685 .68** अंक बढ़ा सेंसेक्स | **223 .85** अंक बढ़ा निफ्टी




**मुंबई 01 दिसंबर (वार्ता) विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत मजबूत रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी.**

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 685.68 अंक अर्थात 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 79802.79 अंक पर पहुंच गया. इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 223.85 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की तेजी के साथ 24131.10 अंक हो गया.

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई. इससे मिडकैप 1041.63 अंक अर्थात 2.31 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 46070.85 अंक और स्मॉलकैप 2586.93 अंक यानी 4.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ 55199.86 अंक पर बंद हुआ.

विश्लेषकों के अनुसार, भू-राजनीतिक तनाव में कमी, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में सरकारी खर्च में स्थिरता की उम्मीद और एमएससीआई के संतुलित होने से बाजार में हाल के करेक्शन के बाद बीते सप्ताह कुछ राहत देखी गई. यह तेजी व्यापक थी जबकि पूंजीगत व्यय से जुड़े क्षेत्रों जैसे कि बुनियादी ढांचा, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक क्षेत्रों ने नए ऑर्डर प्रवाह में तेजी की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया.

> मध्य-पश्चिम में तनाव कम होने की उम्मीद में सप्ताह के दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमत में चार प्रतिशत की गिरावट आई. तेल की कीमतों में नरमी आने वाली तिमाहियों में भारतीय कंपनियों के परिचालन मापदंडों में सहायक बनी रहेगी.अच्छे मानसून, त्योहार और विवाह सीजन के कारण दूसरी छमाही की आय की संभावनाएं सकारात्मक रहने का अनुमान है. इससे चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनियों की आय में गिरावट का प्रभाव कम हो सकता है. निवेशकों का ध्यान अमेरिका और यूरोजोन के मुद्रास्फीति संकेतकों पर भी है, जो केंद्रीय बैंकों की दिसंबर में नीति दरों को प्रभावित करेंगे.

# सूरजमुखी और सोया तेल महंगा

## दालों में गिरावट, सरसों और मूंगफली तेल के भाव स्थिर रहे



**नयी दिल्ली 01 दिसंबर (वार्ता) विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड 1393 रुपये प्रति क्विंटल तक उबल गया जबकि अधिकांश दालें सस्ती रही वहीं चावल के भाव चढ़ गए.**

तेल-तिलहन- वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा सप्ताहांत पर 483 रिंगिट उबलकर 5270 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया. वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.94 सेंट की गिरावट के साथ 41.84 सेंट प्रति पौंड बोला गया.

इस दौरान सूरजमुखी तेल 1393 रुपये और सोया रिफाइंड 513 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा. सरसों तेल, मूंगफली तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे.

सप्ताहांत पर सरसों तेल 17215 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15531 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा.

> दाल-दलहन- बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में अधिकांश दालों के भाव गिर गए. इस दौरान चना 100 रुपये, दाल चना 100 रुपये और मसूर दाल 200 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई. वहीं, मूंग दाल, और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे.



# इंडियन स्पोर्ट्स इंडस्ट्री में उछाल

## 2027 तक 100 अरब डॉलर का करेगा कारोबार

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर. फिक्की-नांगिया नेक्स्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय खेल उद्योग 2020 में 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2027 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है.**

फिक्की-नांगिया नेक्स्ट नॉलेज रिपोर्ट- 'भारत में खेलों का भविष्य', जो शनिवार को जारी की गई, में कहा गया है कि भारतीय खेल उद्योग गतिशील विकास के दौर का अनुभव कर रहा है. रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि यह परिवर्तन विभिन्न कारकों से प्रेरित है, जिसमें खेल लीगों का बिजनेस, तकनीकी प्रगति और विविध खेल विषयों पर बढ़ता जोर शामिल है.रिपोर्ट के अनुसार, खेल के सामान, स्पोर्टस से जुड़े कपड़े और मीडिया राइट्स जैसे क्षेत्र इस वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, खेल मीडिया बाजार के 2020 में 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2027 तक 13.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है. इसमें आगे कहा गया है कि 2023 एशियाई खेलों और 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय एथलीटों की ऐतिहासिक उपलब्धियों ने वैश्विक मंच पर देश की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता को उजागर किया है.

बता दें कि अकेले केवल खेल के सामान का बाजार, जिसका मूल्य 2020 में 4.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, 2027 तक 6.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि खेल से जुड़े कपड़ा उद्योग 2020 में 14 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 तक 21 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है.

### 2036 में ओलंपिक की मेजबानी की घोषणा

कुणाल ने आगे कहा कि भारत ने 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करने की घोषणा की है और सभी हितधारकों को न केवल 2036 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बल्कि 2047 के भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है. उन्होंने दो दस्तावेज़ जोड़े - खेल नीति 2024 और राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक का मसौदा वर्तमान में आगे के परामर्श के लिए सार्वजनिक डोमेन में है.

# हर हमला हमें मजबूत बनाता है : गौतम अडानी

## उन्होंने अमेरिकी आरोपों को खारिज कर बाधाओं को बताया प्रेरणास्त्रोत

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर.अमेरिका द्वारा लगाए गए आरोपों पर उद्योगपति गौतम अडानी ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है. अडानी ने आरोपों को खारिज किया और कहा कि 'हर हमला हमें मजबूत बनाता है.**

जयपुर में 51वें जेम एंड ज्वैलरी अवॉर्ड्स में बोलते हुए अडानी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब समूह को ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है. जैसा कि आप में से कई लोगों ने दो सप्ताह से भी कम समय पहले पढ़ा होगा, हमें अडानी ग्रीन एनर्जी में अनुपालन प्रथाओं के बारे में अमेरिका से आरोपों का सामना करना पड़ा.

उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब हमें ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है. मैं आपको बता सकता हूं कि हर हमला हमें मजबूत बनाता है और हर बाधा एक कदम बन जाती है. गौतम अडानी ने कहा कि बहुत सारी निहित रिपोर्टिंग के बावजूद अडानी पक्ष के किसी भी व्यक्ति पर एफसीपीए के उल्लंघन या न्याय में बाधा डालने की किसी भी साजिश का आरोप नहीं लगाया गया है.

अडानी ने विनियामक अनुपालन के लिए समूह की अटूट प्रतिबद्धता को भी दोहराया. उन्होंने कहा कि नकारात्मकता तथ्यों की तुलना में तेज़ी से फैलती है, लेकिन जैसा कि हम कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से काम करते हैं, मैं विश्व स्तरीय विनियामक अनुपालन के लिए हमारी पूर्ण प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करना चाहता हूं. अडानी ने कहा कि ये बाधाएं अग्रणी होने की कीमत है.उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मैंने यह स्वीकार किया है कि हमारे सामने आने वाली बाधाएं अग्रणी होने की कीमत हैं. जितना अधिक आप अपने सपनों को आकार देंगे, उतनी ही अधिक दुनिया आपकी जांच करेगी. लेकिन यह ठीक उसी जांच में है कि आपको उठने, यथास्थिति को चुनौती देने और एक ऐसा रास्ता बनाने का साहस मिलना चाहिए जहां कोई भी मौजूद नहीं है.


### हिंडनबर्ग के आरोप हमारी वित्तीय स्थिरता पर दोहरा प्रहार



हिंडनबर्ग के आरोपों के बारे में बात करते हुए अडानी ने इसे समूह की वित्तीय स्थिरता पर दोहरी चोट बताया. उन्होंने कहा कि तब भी समूह ने अपने सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी और निवेशकों का पैसा वापस कर दिया.गौतम अडानी ने कहा कि पिछले साल जनवरी में जब हम अपना अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम शुरू करने की तैयारी कर रहे थे, हमें विदेश से शुरू किए गए शॉर्ट सेलिंग हमले का सामना करना पड़ा. यह कोई सामान्य वित्तीय हमला नहीं था.

# विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट

## स्वर्ण भंडार 67 .6 अरब डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई 01 दिसंबर (वार्ता) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.3 अरब डॉलर कम होकर 556.6 अरब डॉलर पर आ गया.**

इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.8 अरब डॉलर लुढ़ककर 657.9 अरब डॉलर पर रहा था.

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.04 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 566.8 अरब डॉलर पर आ गई. वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.83 अरब डॉलर बढ़कर 67.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया.

आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 7.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 17.98 अरब डॉलर पर आ गया. इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 1.5 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और यह गिरकर 4.2 अरब डॉलर रह गई.

# विप्रो का राजस्व 9 .8% बढ़ा

## 2023-24 में लाभ 35% बढ़कर 1,903 करोड़

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर.अजीम प्रेमजी के नेतृत्व वाली विप्रो एंटरप्राइजेज ने कहा कि मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में उसका एकीकृत परिचालन राजस्व 9.8 प्रतिशत बढ़कर 16,902 करोड़ रुपये हो गया.**

इस दौरान कंपनी का लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 1,903.1 करोड़ रुपये हो गया.कंपनी रजिस्ट्रार को दी जानकारी के मुताबिक अन्य आय सहित इसकी कुल आय वित्त वर्ष 2023-24 में 11.2 प्रतिशत बढ़कर 17,761.3 करोड़ रुपये रही.कारोबारी खूफिया मंच टोफ्लर के जरिये मिली जानकारी के मुताबिक विप्रो एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2022-23 में 15,387.8 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व और 1,410.1 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था.


# पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली 01 दिसंबर (वार्ता)** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में मिलेजुले रुख के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे.तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है. दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा.

# महलिाएं धड़ाधड़ भर रहीं सरकार का खजाना

**मिजोरम, नागालैंड, और अरुणाचल में दोहरे अंकों की वृद्धि**

**चार साल में 25 प्रतिशत बढ़ गईं टैक्सपेयर्स**




**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर.देश में आयकर रटिर्न भरने वालों की संख्या बढ़ने के साथ ही इनकम टैक्स से सरकार के खजाने में आने वाले पैसे में भी इजाफा हुआ है.**

हालिया आंकड़ों से साफ हुआ है कि छोटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जैसे मिजोरम और जम्मू-कश्मीर में 2019-20 और 2023-24 के बीच आयकर रिटर्न दाखिल करने वाली महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई है. यह उनकी आर्थिक सशक्तिकरण का संकेत है, जिसमें मिजोरम में इस तरह के आईटीआर दाखलि करने वालों की संख्या में 96त्न की ग्रोथ होकर 2,090 हो गई है. जम्मू-कश्मीर में यह आंकड़ा 49.2% की वृद्धि के साथ 1,17,514 हो गया.पिछले पांच साल में देशभर में महिला दाखिलकर्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है. यह असेसमेंट ईयर 2019-20 में 1,83,12,200 से बढ़कर एवाय 2023-24 में 2,29,41,987 (करीब 22.94 मिलियन) हो गई है. इसमें 25.3% का इजाफा दर्ज कयिा गया.एवाय 2023-24 में दाखिल कुल आईटीआर 7,97,12,145 (करीब 79.71 मिलियन) थे. एक मूल्यांकन वर्ष पिछले फाइनेंशयिई ईयर वास्तविक आमदनी और टैक्स विवरण को दर्शाता है.

## समाचार विशेष

# यूपी उपचुनाव में जीत का किसको मिलेगा इनाम




**लखनऊ. उत्तर प्रदेश में मौजूदा योगी आदित्यनाथ की सरकार के मंत्रिमंडल में फेरबदल देखने को मिल सकता है. 2024 लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद और पिछले दोनों हुए उपचुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद अब बीजेपी 2027 की तैयारी में जुट गई है.**

इसी कड़ी में अब विधानसभा चुनाव के लिहाज से सरकार से लेकर संगठन तक फेरबदल होने की तैयारी है. 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान जहां दो यूपी के मंत्री सांसद बनकर केंद्र गए हैं तो उन जगहों पर भी नए लोगों के शामिल किए जाने की चर्चा है.

विधानसभा उपचुनाव में भाजपा गठबंधन के 9 में से 7 सीट जीतने के बाद अब फिर से प्रदेश मंत्रिमंडल में फेरबदल की सुगबुगाहट शुरू हो गई है. कई विधायक जहां मंत्री बनने के लिए जोड़-तोड़ में जुट गए हैं, तो वहीं सहयोगी दल भी मंत्रिमंडल में कोटा बढ़ाने की दावेदारी करने की तैयारी में हैं.

# जगदानंद छोड़ सकते हैं अध्यक्ष पद

## उप चुनाव में अपने बेटे की हार से नाराजगी की चर्चा




**पटना. बिहार के राजनीतिक गलियारे से एक बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने अपने मुक्त किए जाने की इच्छा जताई है. इसके लिए उन्होंने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद को अपने त्यागपत्र की पेशकश की है.**

हालांकि, इस मामले में राजद की तरफ से अभी तर आधिकारिक रूप से कोई टीका-टिप्पणी नहीं की गई है. जगदानंद सिंह ने पद छोड़ने का वजह अपनी ढलती हुई उम्र और गिरता हुआ स्वास्थ्य बताया है. यही कारण है कि बीते कुछ दिनों से वो कार्यालय भी नहीं आ रहे. हालांकि, अंदरखाने इस बात की भी चर्चा हो रही है कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में अपने बेटे की हार से वो नाराज हैं.

बता दें कि जगदानंद सिंह ने तीन वर्ष पहले भी राजद के प्रदेश अध्यक्ष के पद से त्यागपत्र दे दिया था. जिसके बाद लालू ने मान-मनव्वल किया तब वो कार्यालय लौटे थे. पिछले विधानसभा चुनाव में राजद के बेहतरीन प्रदर्शन के पीछे जगदानंद का सांगठनिक योगदान भी काफी महत्वपूर्ण रहा था.

# करारी हार के बाद उद्धव के लिए और बड़ी चुनौती



**मुंबई. अपनी सहयोगी भाजपा को 2019 में चुनौती देने का साहसिक दांव चलने और कांग्रेस व राकांपा के साथ अप्रत्याशित गठबंधन करने वाले उद्धव ठाकरे शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी को मिली करारी हार की वजह समझने के लिये संघर्ष करते नजर आए.**

अब इस करारी हार के बाद उद्धव ठाकरे अपने राजनीतिक भविष्य के साथ-साथ अपनी पार्टी व बाल ठाकरे की विरासत बचाने के बारे में भी जरूर सोच रहे होंगे. ठाकरे ने नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) ने 95 सीट पर चुनाव लड़कर केवल 20 सीट पर जीत हासिल की. ठाकरे ने स्वीकार किया कि वे यह समझ नहीं पा रहे हैं कि जिस मतदाता ने पांच महीने पहले ही लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा नीत गठबंधन को करारी शिकस्त दी थी, उसने अपना मन कैसे बदल लिया.एक करिश्माई और तेजतर्रार हिंदुत्ववादी राजनेता, शिवसेना संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे के शर्मीले बेटे से लेकर उद्धव ने एक लंबा सफर तय किया है. शुरुआत में, वह पार्टी के दिग्गज नेता नारायण राणे और चचेरे भाई राज ठाकरे से मिल रही चुनौतियों से निपटते रहे और नवंबर 2019 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने, जब उन्होंने विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा के साथ दशकों पुराना गठबंधन समाप्त कर दिया.



**NARCL** National Asset Reconstruction Company Ltd

## नेशनल एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

CIN: 67100MH2021GOI363511

पता- बिरला सेंचुरियन, 8वीं मंजिल, यूनिट नंबर 01, 794, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुंबई-400030

ईमेल आईडी- nishithkejriwal@narcl.co.in/Ph: 022-69601108

### अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ा गया

इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल ट्रस्ट-0002/2022-23 के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रही है) (सुरक्षित लेनदार) को बंधक/प्रभारित की गई है, जिसका भौतिक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे जहां है, जैसा है, जो कुछ भी है और जो कुछ भी है तथा कोई सहारा नहीं के आधार पर दिनांक 19.12.2024 को बेचा जाएगा, जिससे 30 सितंबर, 2024 तक 1652,26,93,595 रुपये [एक हजार छह सौ बावन करोड़ छब्बीस लाख तिरानबे हजार पांच सौ पंचानबे रुपये मात्र] की वसूली की जा सके और 1 अक्टूबर, 2024 से वसूली की तिथि तक प्रलेखित दर के अनुसार अतिरिक्त ब्याज वसूली की जा सके. उपरोक्त बकाया राशि एसएसए इंटरनेशनल लिमिटेड (उधारकर्ता) और सैमटेक्स फैशन प्राइवेट लिमिटेड, एम्पायर फिनवेस्ट प्राइवेट लिमिटेड, गार्टेक्स ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड, एसएसआर अपैरल प्राइवेट लिमिटेड, रीता मित्तल, राहुल मित्तल, विनय मित्तल, नवीन मित्तल (गारंटर) से सुरक्षित लेनदार को देय है। संपत्ति का विस्तृत विवरण, उसका आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा निम्नानुसार होगी-

| संपत्ति का विवरण | दिनांक और समय | आरक्षित मूल्य (रुपये में) | बयाना राशि जमा (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| अचल संपत्ति<br>97,750 वर्ग मीटर की भूमि (लीजहोल्ड) और उसमें भवन, औद्योगिक प्लॉट संख्या 11, मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र, चरण-II, गांव-मंडीदीप, तहसील-गोहरगंज, जिला-रायसेन, मध्य प्रदेश, पिन-462046 पर स्थित<br>उत्तर- प्लॉट संख्या 11-ए-1. दक्षिण- प्लॉट नंबर 10 और खुली जमीन.<br>पूर्व- खुली जमीन. पश्चिम- सड़क. | 19.12.2024 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे के बीच | 19,60,00,000/- रुपये (केवल उन्नीस करोड़ साठ लाख रुपये) | 1,96,00,000/- रुपये (केवल एक करोड़ छियानवे लाख रुपये) |

ज्ञात भार-

एमपीआईडीसी (एमपी औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड) ने वित्त वर्ष 2024-25 तक ब्याज सहित लीज रेंट और रखरखाव शुल्क के लिए 123.95 लाख रुपये की राशि का बिल जारी किया है.

**निरीक्षण की तिथि और समय-** 06.12.2024 को सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक

**बोली जमा करने की अंतिम तिथि-** 18.12.2024 को शाम 5.00 बजे से पहले

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी https-//www.narcl.co.in/auctions पर दिए गए लिंक को देखें. अंग्रेजी में प्रकाशित वर्तमान बिक्री नोटिस और इस नोटिस के स्थानीय संस्करण में किसी भी विसंगति के मामले में, अंग्रेजी में अंग्रेजी नोटिस की सामग्री मान्य होगी.

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी

**दिनांक- 02.12.2024**
**स्थान- मुंबई**

**नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड एनएआरसीएल ट्रस्ट 0002/2022-23 के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है**


**विशेष** | **जिस मुद्दे पर हमलावर थी भाजपा, सीएम आतिशी ने ढूंढ निकाली राह**

# दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहल आप का बड़ा दांव

**नई दिल्ली. दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री आतिशी ने बड़ा दांव खेला है. सीएम ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग को आदेश दिया है कि लोगों के लिए दिल्ली सरकार की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ वापस लिए बिना आयुष्मान भारत योजना के लाभों को शामिल करने के लिए एक प्लान तैयार करें.**

एक संवादाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सैद्धांतिक रूप से केंद्र की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने के लिए तैयार है, लेकिन इसे लागू करने में कुछ समस्याएं हैं.



दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को भाजपा के सात सांसदों की याचिका पर आम आदमी पार्टी की सरकार से जवाब मांगा, जिसमें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के कार्यान्वयन की मांग की गई है. आतिशी ने कहा कि आयुष्मान योजना के कार्यान्वयन में समस्याएं इसलिए उत्पन्न हो रही हैं. क्योंकि दिल्ली सरकार पहले से ही अपने अस्पतालों में व्यापक मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रही है.

**मुफ्त चिकित्सा सुविधा छीनना सरकार की मंशा नहीं- आतिशी**

सीएम आतिशी ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत छूट दी जाने वाली सुविधा इस योजना से मेल नहीं खाती. उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार किसी से भी मुफ्त चिकित्सा सुविधा छीनना नहीं चाहती. इसलिए, विभाग को एक ऐसी व्यवस्था तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि दिल्ली में कोई भी व्यक्ति वर्तमान में प्राप्त मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे.

> **भाजपा सासंदों का दिल्ली सरकार पर निशाना**
>
> भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर उनकी पार्टी अगले साल विधानसभा चुनावों के बाद दिल्ली में सरकार बनाती है, तो वह पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना को लागू करेगी.